# अध्याय 2

# भूगोल

## सौरमण्डल

- सूर्य तथा उसके चारों ओर परिभ्रमण करने वाले ग्रह, उपग्रह, धूमकेतु, उल्का-पिण्डों एवं क्षुद्र ग्रहों को संयुक्त रूप से सौरमण्डल कहा जाता है।
- पृथ्वी अपनी धुरी पर घूमती है। ग्रह तथा अन्य पिण्ड सूर्य के चारों ओर चक्कर लगाते हैं, इस सिद्धान्त का प्रतिपादन कॉपरनिकस ने किया था।
- ग्रहों की गति के नियम का पता केपलर ने लगाया था।
- सूर्य के चारों ओर चक्कर लगाने वाले ग्रहों की संख्या 8 है।
- चेक गणराज्य की राजधानी प्राग में अगस्त 2006 में आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय खगोल विज्ञानी संघ (आई.ए.यू.) की बैठक में यम (प्लूटो) का ग्रह का दर्जा समाप्त कर दिया गया है।
- आकार के अनुसार ग्रह हैं (घटते क्रम में)—बृहस्पति, शनि, अरुण (यूरेनस), वरुण (नेपच्यून), पृथ्वी, शुक्र, मंगल तथा बुध।
- सूर्य से दूरी के अनुसार ग्रह हैं—बुध, शुक्र, पृथ्वी, मंगल, बृहस्पति, शनि, अरुण (यूरेनस) तथा वरुण (नेपच्यून)।

### सौरमण्डल के ग्रह

| ग्रह | सूर्य की परिक्रमा अवधि (पृथ्वी के दिनों के अनुसार) | अपने अक्ष पर घूर्णन की अवधि (पृथ्वी के दिनों के अनुसार) | उपग्रह संख्या |
|---|---|---|---|
| बुध (Mercury) | 88 | 58.65 | 0 |
| शुक्र (Venus) | 224.7 | 257 | 0 |
| पृथ्वी (Earth) | 365.25 | 1.00 | 1 |
| मंगल (Mars) | 687 | 1.03 | 2 |
| बृहस्पति (Jupiter) | 4333 | 0.41 | 67 |
| शनि (Saturn) | 10759 | 0.43 | 62 |
| अरुण (Uranus) | 30686 | 0.45 | 27 |
| वरुण (Neptune) | 60188 | 0.66 | 14 |

### सौरमण्डल : महत्त्वपूर्ण तथ्य

| | | | |
|---|---|---|---|
| सबसे बड़ा ग्रह | बृहस्पति (Jupiter) | रात्रि में लाल दिखाई देने वाला ग्रह | मंगल (Mars) |
| सूर्य का सबसे छोटा ग्रह | बुध (Mercury) | सौरमण्डल का सबसे बड़ा उपग्रह | गैनीमेड (Gannymede) |
| पृथ्वी का उपग्रह | चन्द्रमा (Moon) | सौरमण्डल का सबसे छोटा उपग्रह | डीमोस (Deimos) |
| सूर्य से सबसे निकट ग्रह | बुध (Mercury) | नीला ग्रह | पृथ्वी (Earth) |
| सूर्य से सबसे दूर स्थित ग्रह | वरुण (Naptune) | भोर का तारा | शुक्र (Venus) |
| पृथ्वी के सबसे निकट ग्रह | शुक्र (Venus) | साँझ का तारा | शुक्र (Venus) |
| सबसे चमकीला ग्रह | शुक्र (Venus) | पृथ्वी की बहन | शुक्र (Venus) |
| सबसे चमकीला तारा | साइरस (Dog Star) | हरा ग्रह | वरुण (Naptune) |
| सबसे अधिक उपग्रहों वाला ग्रह | बृहस्पति (Jupiter) | विशाल लाल धब्बे वाला ग्रह | बृहस्पति (Jupiter) |
| सबसे भारी ग्रह | बृहस्पति (Jupiter) | जीवाश्म ग्रह | चन्द्रमा |

### सूर्य : एक परिचय

| | | | |
|---|---|---|---|
| पृथ्वी से दूरी | 149.8 मिलियन किमी (लगभग) | घूर्णन अवधि | 25.38 दिन (विषुवत् रेखा के सापेक्ष), 33 दिन (ध्रुवों के सापेक्ष) |
| परम दृश्य कान्तिमान | 4.75 | रासायनिक संघटन | हाइड्रोजन-71%, हीलियम- 26.5%, अन्य तत्त्व-2.5% |
| व्यास | 1392000 किमी | आयु | 5 बिलियन वर्ष |
| क्रोड का तापमान | 15 मिलियन केल्विन (K) | सामान्य तारे का सम्भावित जीवन काल | 10 बिलियन वर्ष |
| प्रकाश मण्डल का तापमान | 5760°C | सूर्य के प्रकाश को पृथ्वी तक पहुँचने में लगा समय | 8 मिनट 16.6 सेकण्ड |

### पृथ्वी : मूलभूत तथ्य

| | | | |
|---|---|---|---|
| पृथ्वी की अनुमानित आयु | 4600000000 वर्ष | पृथ्वी के धरातल पर समुद्रतल से सर्वाधिक निचला स्थान | 396 मीटर (Dead Sea) मृत सागर (इजराइल, जोर्डन) |
| भूमि क्षेत्रफल (29.08%) | 14 8950800 वर्ग किमी | पृथ्वी द्वारा अपने अक्ष पर घूर्णन अवधि | 23 घण्टे, 56 मिनट, 40.91 सेकण्ड |
| जलीय क्षेत्रफल (सम्पूर्ण धरातल का 70.92%) | 361149700 वर्ग किमी | पृथ्वी द्वारा सूर्य की परिक्रमा अवधि | 365 दिन, 5 घण्टे, 48 मिनट, 45.51 सेकण्ड |
| औसत घनत्व | 5.52 ग्राम प्रति घन सेमी | | |
| विषुवत् रेखीय व्यास | 12,753 किमी | पृथ्वी का उपग्रह | चन्द्रमा |
| ध्रुवीय व्यास | 12710 किमी | अक्ष का कक्षा के तल से झुकाव | 23°27′ |
| गुरुत्वाकर्षण से बाहर निकलने के लिए आवश्यक निर्गमन गति | 11.2 किमी/सेकण्ड | भूमध्य रेखा पर परिधि | 40066 किमी |
| | | ध्रुवीय परिधि | 39992 किमी |
| पृथ्वी का द्रव्यमान | $5.880 \times 10^{24}$ किलोग्राम | सूर्य के सबसे नजदीक की अवस्था (उपसौर) | 3 जनवरी |
| समुद्रतल से पृथ्वी पर सर्वाधिक ऊँचाई | 8,850 मीटर (माउण्ट एवरेस्ट) | | |
| समुद्रतल से समुद्र में सर्वाधिक गहराई | 11033 मीटर (मेरियाना ट्रेन्च) प्रशान्त महासागर, फिलीपीन्स के पूर्व में स्थित | सूर्य के सबसे ज्यादा दूरी की अवस्था (अपसौर) | 4 जुलाई |

# स्थल मण्डल

## पृथ्वी की आन्तरिक संरचना

आन्तरिक संरचना से सम्बन्धित जानकारी भूकम्पी तरंगों, पृथ्वी के अन्दरूनी भागों में उच्च ताप एवं दाब तथा उल्काश्म साक्ष्यों से प्राप्त होती है।

पृथ्वी की आन्तरिक संरचना को तीन विभिन्न परतों में बाँटा गया है—
(i) भू-पर्पटी (ii) मैंटल (iii) क्रोड

- **भू-पर्पटी** (Crust) सबसे बाह्य परत है जिसकी मोटाई पृथ्वी की सतह से लगभग 100 किमी नीचे तक है। इसकी ऊपरी परत अवसादी चट्टानों से बनी है जिसमें सिलिका एवं एल्युमीनियम की प्रचुरता होती है।
- **मैंटल** (Mantle) भू-पर्पटी के नीचे पृथ्वी की सतह से 100 से 2900 किमी के मध्य स्थित है। भू-पर्पटी एवं मैंटल के मध्य पायी जाने वाली असतत सतह को मोहोरोविसिस या मोहो असतता कहा जाता है।
- **क्रोड या कोर** (core) मैंटल के नीचे पृथ्वी की सतह से 2900 से 6400 किमी के मध्य स्थित है। यह निकेल व लोहे से बनी होती है।
- पृथ्वी की सतह से अन्दरूनी भाग की ओर जाने पर प्रति 32 मीटर जाने पर औसतन 1°C तापमान में वृद्धि होती है।

### चट्टान

उत्पत्ति के अनुसार चट्टान तीन प्रकार की होती हैं—(i) आग्नेय चट्टान, (ii) अवसादी चट्टान, (iii) रूपान्तरित चट्टान।

(i) आग्नेय चट्टान का निर्माण पृथ्वी के अन्दरूनी भाग से ज्वालामुखी विस्फोट के समय उत्सर्जित मैग्मा अथवा लावा के निक्षेपण से होता है। उदाहरण—ग्रेनाइट, बेसाल्ट आदि।

(ii) अवसादी चट्टान का निर्माण अवसादों अथवा तलछटों के निक्षेपण से होता है तथा इनमें जीवाश्म पाये जाते हैं। कोयला एवं पेट्रोलियम अवसादी चट्टानों में पाये जाते हैं। उदाहरण—बलुआ पत्थर, चूना पत्थर, शेल, कांग्लोमरेट आदि।

(iii) रूपान्तरित अथवा कायान्तरित चट्टान का निर्माण अवसादी एवं आग्नेय चट्टानों में ताप, दाब एवं रासायनिक अभिक्रियाओं के परिणामस्वरूप हुए परिवर्तन के कारण होता है।

| आग्नेय/अवसादी चट्टान | रूपान्तरित चट्टान |
|---|---|
| ग्रेनाइट | नीस |
| चूना पत्थर | संगमरमर |
| बलुआ पत्थर | क्वार्टजाइट |
| शैल | स्लेट, सिस्ट |

### भूकम्प

पृथ्वी के अन्दरूनी भाग में कई प्रकार की भूगर्भिक प्रक्रियाओं के परिणामस्वरूप धरातल में उत्पन्न कम्पन को भूकम्प कहा जाता है। भूकम्प के

दौरान तीन प्रकार की तरंगों का उद्भव होता है—(i) प्राथमिक (P), (ii) द्वितीयक (S), (iii) तृतीयक (Surface or 'L')।

**केन्द्र** (Focus) पृथ्वी की सतह के नीचे जिस स्थान पर भूकम्प की उत्पत्ति होती है, उसे केन्द्र कहा जाता है।

**अधिकेन्द्र** (Epicentre) केन्द्र के ठीक ऊपर पृथ्वी की सतह पर स्थित स्थान को अधिकेन्द्र कहा जाता है।

**भूकम्प का विश्व वितरण** (i) प्रशान्त महासागरीय तटीय पेटी, (ii) मध्य महाद्वीपीय पेटी, (iii) मध्य अटलाण्टिक पेटी।

विश्व में सर्वाधिक भूकम्प प्रशान्त महासागरीय तटीय पेटी में उत्पन्न होते हैं। विश्व में सर्वाधिक भूकम्प जापान में उत्पन्न होते हैं।

## ज्वालामुखी

पृथ्वी की सतह पर वह प्राकृतिक छिद्र अथवा दरार जिसके माध्यम से पृथ्वी के अन्दरूनी भाग से गर्म तरल पदार्थ (मैग्मा), गैस, राख, जल, वाष्प, शैलखण्ड इत्यादि बाहर निकलते हैं, ज्वालामुखी कहा जाता है। इस छिद्र को क्रेटर अथवा विवर कहा जाता है जो कीपाकार (Funnel shaped) होता है। उद्गार अवधि के अनुसार ज्वालामुखी तीन प्रकार के होते हैं

(i) **सक्रिय ज्वालामुखी** एटना (सिसली), स्ट्राम्बोली (लिपारी), मेयान (फिलीपिन्स)।

(ii) **प्रसुप्त ज्वालामुखी** विसुवियस (इटली), फ्यूजीयामा (जापान), क्राकाटोवा (सुण्डा जलडमरूमध्य)।

(iii) **मृत ज्वालामुखी** किलीमंजारो (अफ्रीका), चिम्बाराजो (द० अमेरिका), देवमन्द, कोह सुल्तान (ईरान)।

- स्ट्राम्बोली को 'भूमध्य सागर का प्रकाश स्तम्भ' कहा जाता है।
- ज्वालामुखी का विश्व वितरण—(i) परि-प्रशान्त महासागरीय पेटी, (ii) मध्य महाद्वीपीय पेटी (iii) मध्य अटलाण्टिक पेटी, (iv) पूर्वी अफ्रीकी भ्रंश घाटी पेटी
- विश्व का लगभग 2/3 सक्रिय ज्वालामुखी परि-प्रशान्त महासागरीय पेटी में पाया जाता है अत: इस क्षेत्र को 'अग्नि वलय' (fire ring of the Pacific) भी कहा जाता है।

## धरातल की प्रमुख स्थलाकृतियाँ

(a) पर्वत (b) पठार एवं (c) मैदान

### (a) पर्वत

*पर्वतों का वर्गीकरण निम्न है*

(i) **ब्लॉक पर्वत** वॉस्जेस (फ्रांस), साल्ट रेंज (पाकिस्तान), ब्लैक फॉरेस्ट (जर्मनी), विन्ध्यांचल एवं सतपुड़ा (भारत)

(ii) **वलित या मोड़दार पर्वत** हिमालय, रॉकीज, एण्डीज, आल्पस, एटलस आदि।

(iii) **संचित या संग्रहित पर्वत** मेयन (फिलीपीन्स), फ्यूजीयामा (जापान), पोपोकैटीपेटल (मेक्सिको), विसुवियस (इटली) इत्यादि।

(iv) **अवशिष्ट या घर्षित पर्वत** अपलेशियन, अरावली, सतपुड़ा, विन्ध्याचल, पश्चिमी घाट, पूर्वी घाट इत्यादि।

### (b) पठार

*पठार निम्न प्रकार के होते हैं—*

(i) हिमानी पठार (ii) लोयस पठार (iii) लावा पठार
(iv) अन्तर्पर्वतीय पठार (v) गिरिपदीय या पर्वतपदीय पठार
(vi) महाद्वीपीय पठार (vii) गुम्बदाकार पठार

### (c) मैदान

भूपटल पर निचले और समतल क्षेत्र मैदान कहलाते हैं। पृथ्वी के कुल क्षेत्रफल के 41% भाग पर मैदानों का विस्तार है। ये 500 फीट से कम ऊँचाई वाले होते हैं।

### अपरदनात्मक मैदान

नदी, हिमानी, पवन जैसी शक्तियों के अपरदन से इस प्रकार के मैदान बनते हैं। *जो निम्न हैं*

(i) लोएस मैदान (ii) कर्स्ट मैदान (iii) समप्राय मैदान (iv) ग्लेशियल मैदान (v) रेगिस्तानी मैदान

### निक्षेपात्मक मैदान

नदी निक्षेप द्वारा बड़े-बड़े मैदानों का निर्माण होता है। इसमें गंगा एवं सतलज के मैदान, मिसीसिपी एवं ह्वांगहो के मैदान प्रमुख हैं। इस प्रकार के मैदानों में जलोढ़ का मैदान, डेल्टा का मैदान प्रमुख हैं

### निक्षेपण से बने मैदान

(i) गिरिपाद जलोढ़ मैदान (ii) बाढ़ मैदान (iii) डेल्टा मैदान
(iv) लावा मैदान (v) पवन निक्षेपित मैदान

**विभिन्न कारकों द्वारा निर्मित स्थलाकृतियाँ**

| कारक | अपरदन | निक्षेपण |
|---|---|---|
| नदी | (i) 'V' घाटी (ii) गार्ज (iii) केनियन (iv) जलप्रपात (v) विसर्प (vi) गोखुर झील | (i) जलोढ़ शंकु (ii) जलोढ़ पंख (iii) नदी विसर्प (iv) गोखुर झील (v) प्राकृतिक तटबन्ध (vi) बाढ़ का मैदान (vii) डेल्टा। |
| पवन | (i) अपवाहन बेसिन (ii) छत्रक शिला (iii) इन्सेलबर्ग (iv) ज्यूगेन (v) यारडंग (vi) ड्राइकैंटर | (i) उर्मिका (ii) बालुका टिब्बा (iii) बरखान (iv) लोयस (v) बालुका कगार |
| हिमनद | (i) 'U' आकार की घाटी (ii) लटकती घाटी (ii) सर्क या हिमगह्वार (iv) अरेत या तीक्ष्ण कटक (v) गिरिशृंग (vi) कॉल (vii) नुनाटक (viii) शृंग व पुच्छ (ix) मेष शिला (x) हिमसोपान (xii) फियोर्ड | (i) ड्रमलिन (ii) एस्कर या मृदकटक (iii) केम (iv) केटिल (v) हिमनद अपक्षेप मैदान |
| समुद्री तरंग | (i) भृगु (ii) सागरीय कंदरा (iii) तरंग घर्षित वेदिका (iv) खाड़ी (v) अपतटीय सोपान। | (i) पुलिन (ii) रोधिका एवं रोध (iii) अपतट रोधिका (iv) स्पिट (v) हुक (vi) उभयाग्र रोधिका (vii) टोम्बोलो (viii) लूप |
| भूमिगत जल | (i) घोल रन्ध्र (ii) डोलाइन (iii) युवाला (iv) कन्दरा (v) कार्स्ट झील (vi) उत्स्रुत कुआँ | (i) अश्चुताश्य (स्टेलेक्टाइट) (ii) निश्चुताश्य (स्टेलेग्माइट) प्राकृतिक स्तम्भ |

# वायुमण्डल

## वायुमण्डल की संरचना

वायुमण्डल की प्रमुख परतें हैं

(i) **क्षोभमण्डल** (Troposphere)

- यह वायुमण्डल की सबसे निचली परत है जिसमें वायुमण्डल के सम्पूर्ण भार का लगभग 75% पाया जाता है।
- सभी मौसमी घटनाएँ इस परत में सम्पन्न होती हैं।
- इस परत में ऊँचाई के साथ तापमान में गिरावट होती है (6.4°C प्रति किमी)।
- धरातल से इसकी ऊँचाई 8 किमी (ध्रुवों पर) तथा 18 किमी (विषुवत रेखा पर) है।

**वायुमण्डल का संघटन**

| गैस | प्रतिशत आयतन |
|---|---|
| नाइट्रोजन | 78.08 |
| ऑक्सीजन | 20.92 |
| ऑर्गन | 0.93 |
| कार्बन डाइ-ऑक्साइड | 0.03 |
| नियॉन | 0.0018 |
| हीलियम | 0.0005 |
| ओजोन | 0.00006 |
| हाइड्रोजन | 0.00005 |

(ii) **समताप मण्डल** (Stratosphere)

- यह 18 से 32 किमी की ऊँचाई तक पाया जाता है।
- इस परत में ताप समान रहता है।
- जलवाष्प एवं धूल-कण नहीं पाये जाते हैं, बादलों का निर्माण नहीं होता है तथा मौसमी घटनाएँ नहीं घटती हैं।
- वायुयान चालकों के लिए आदर्श परत है।

(iii) **मध्यमण्डल** (Mesosphere)

- यह समतापमण्डल की सीमा से 60 किमी की ऊँचाई तक फैला हुआ है।
- ओजोन परत (20-40) किमी) की उपस्थिति के कारण इसे ओजोन मण्डल भी कहा जाता है।
- इस परत में तापमान ऊँचाई के साथ बढ़ता है।
- इसमें ताप व्युत्क्रम की स्थिति पाई जाती है।

(iv) **आयनमण्डल** (Ionosphere)

- यह 60 किमी से 640 किमी तक विस्तृत है।
- इस परत द्वारा छोटी रेडियो तरंगे परावर्तित की जाती हैं।
- संचार उपग्रह इसी परत में अवस्थित होते हैं।

(v) **बर्हिमण्डल** (Exosphere)

- यह आयनमण्डल के ऊपर की परत है जिसकी कोई ऊपरी सीमा निर्धारित नहीं है।
- इस परत में हाइड्रोजन एवं हीलियम गैसों की प्रधानता होती है।

## विश्व : महत्त्वपूर्ण तथ्य

**विश्व के महासागर**

| नाम | क्षेत्रफल (वर्ग किमी में) | गहरा स्थान | (मीटर में) |
|---|---|---|---|
| प्रशान्त महासागर | 165384000 | मेरियाना गर्त | 11776 |
| अटलाण्टिक महासागर | 82217000 | प्यूर्टोरिको गर्त | 9200 |
| हिन्द महासागर | 73481000 | जावा गर्त | 7450 |
| आर्कटिक महासागर | 14056000 | — | — |
| अण्टार्कटिक महासागर | — | — | — |

**विश्व की प्रमुख नहरें**

| नाम | स्थिति | किसको जोड़ती है |
|---|---|---|
| सू नहर | सं. राज्य अमेरिका | सुपीरियर झील को ह्यूरल झील से जोड़ती है। |
| ईरी नहर | सं. राज्य अमेरिका | ईरी झील और मिशीगन झील को जोड़ती है। |
| कील नहर | जर्मनी | उत्तरी सागर और बाल्टिक सागर के बीच। |
| डॉन वोल्गा नहर | रूस | रोस्टोव और स्टालिनग्राड के बीच। |
| के0पी0 नहर | भारत | आन्ध्र प्रदेश और तमिलनाडु के बीच। |
| स्वेज नहर | मिस्र | लाल सागर एवं भूमध्य सागर के बीच। |
| पनामा नहर | पनामा | अटलाण्टिक महासागर और प्रशान्त महासागर के मध्य। |

**विश्व की जल सन्धियाँ**

| जलसन्धि | किनको जोड़ती है | स्थिति |
|---|---|---|
| मलक्का | अण्डमान सागर एवं दक्षिण चीन सागर | इण्डोनेशिया-मलयेशिया |
| पाक | पाक खाड़ी एवं बंगाल की खाड़ी | भारत-श्रीलंका |
| सुण्डा | जावा सागर एवं हिन्द महासागर | इण्डोनेशिया |
| कुक | दक्षिण प्रशान्त महासागर | न्यूजीलैण्ड (उ. एवं द. द्वीप) |
| बेरिंग | बेरिंग सागर एवं चुकसी सागर | अलास्का-रूस |
| डेविस | बेफिन की खाड़ी एवं अटलाण्टिक महासागर | ग्रीनलैण्ड-कनाडा |
| फ्लोरिडा | मैक्सिको की खाड़ी एवं अटलाण्टिक महासागर | सं0रा0 अमेरिका-क्यूबा |
| हॉरमुज | फारस की खाड़ी एवं ओमान की खाड़ी | ओमान-ईरान |
| हडसन | हडसन की खाड़ी एवं अटलाण्टिक महासागर | कनाडा |
| जिब्राल्टर | भूमध्य सागर एवं अटलाण्टिक महासागर | स्पेन-मोरक्को |
| फारमोसा | द. चीन सागर-पू. चीन सागर | चीन-ताइवान |

### विश्व के प्रमुख पठार एवं उनकी स्थिति

| पठार | स्थिति |
|---|---|
| एशिया माइनर का पठार | तुर्की |
| अनातोलिया का पठार | तुर्की |
| मेसेटा पठार | स्पेन |
| चियापास पठार | दक्षिणी मैक्सिको |
| अलास्का/यूक्रॉन पठार | अमेरिका |
| कोलम्बिया पठार | अमेरिका |
| ग्रेट बेसिन पठार | अमेरिका |
| कोलोरैडो पठार | अमेरिका |
| ग्रीनलैण्ड पठार | ग्रीनलैण्ड |
| पामीर का पठार | तिब्बत |
| मैक्सिको का पठार | मैक्सिको |
| मंगोलिया का पठार | मंगोलिया |
| बोलिविया का पठार | बोलिविया |
| दक्कन का पठार | भारत |
| ईरान का पठार | ईरान |
| अबीसीनिया का पठार | इथोपिया/सोमालिया |
| मेडागास्कर का पठार | मेडागास्कर (अफ्रीका) |
| ऑस्ट्रेलिया का पठार | पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया |

### भू-पर्पटी का रासायनिक संघटन

| | |
|---|---|
| ऑक्सीजन | 46.71% |
| सिलिकन | 27.69% |
| एल्युमीनियम | 8.07% |
| लोहा | 5.05% |
| कैल्शियम | 3.65% |
| सोडियम | 2.75% |
| पोटैशियम | 2.58% |
| मैग्नीशियम | 2.08% |

### विश्व की प्रमुख पर्वतश्रेणियाँ, स्थिति एवं सर्वोच्च चोटी

| पर्वतश्रेणी | स्थिति | सर्वोच्च चोटी | अवस्थिति | ऊँचाई (मीटर) |
|---|---|---|---|---|
| हिमालय | एशिया | माउण्ट एवरेस्ट | नेपाल | 8850 |
| एण्डीज | द. अमेरिका | अकांकागुआ | अर्जेण्टीना | 6960 |
| कराकोरम | एशिया | गॉडविन ऑस्टिन (K-2) | भारत | 8611 |
| ग्रेट डिवाइडिंग रेंज | ऑस्ट्रेलिया | माउण्ट कोशियुस्की | ऑस्ट्रेलिया | 2230 |
| आल्पस | यूरोप | माउण्ट ब्लॉक | फ्रांस | 4807 |

### विश्व के प्रमुख मरुस्थल

| नाम | क्षेत्रफल (वर्ग किमी में) | देश |
|---|---|---|
| सहारा | 9065000 | अल्जीरिया, चाड, लीबिया, माली, मॉरीटानिया, नाइजर, सूडान, ट्यूनीशिया, मिस्र, मोरक्को, लीबिया |
| ग्रेट सैंडी डेजर्ट | 284993 | ऑस्ट्रेलिया |
| अरब | 2300000 | सऊदी अरब, यमन, सीरिया |
| गोबी | 1295000 | मंगोलिया, चीन |
| कालाहारी | 930000 | बोत्सवाना |
| तकलामकान | 337000 | चीन (सीक्यांग) |
| नामीब | 81000 | नामीबिया |
| थार | 260000 | उत्तर-पश्चिमी भारत, पाकिस्तान |
| अटाकामा | 105000 | उत्तरी चिली |

### महत्त्वपूर्ण स्थानीय पवनें

| स्थानीय पवन | प्रकृति | स्थान का नाम |
|---|---|---|
| लू (Loo) | गर्म व शुष्क | उत्तरी भारत-पाकिस्तान |
| चिनूक (Chinook) | गर्म व शुष्क | रॉकी पर्वत |
| मिस्ट्रल (Mistral) | ठण्डी | स्पेन-फ्रांस |
| हरमट्टन (Harmattan) | गर्म व शुष्क | पश्चिम अफ्रीका |
| सिरोको (Sirocco) | गर्म व शुष्क | सहारा मरुस्थल |
| ब्लिजर्ड (Blizzard) | ठण्डी | टुण्ड्रा प्रदेश |
| खमसिन (Khamsin) | गर्म व शुष्क | मिस्र |
| नॉर्वेस्टर (Norwester) | गर्म | न्यूजीलैण्ड |
| पैम्पेरो (Pampero) | ठण्डी | पम्पास मैदान (अर्जेन्टीना) |

### विश्व की प्रसिद्ध नदियाँ

| नाम | उद्‌गम स्थल | गिरने का स्थान | लम्बाई (किमी) |
|---|---|---|---|
| नील | विक्टोरिया झील | भूमध्य सागर | 6670 |
| अमेजन | एण्डीज पर्वत (पेरू) | अटलाण्टिक महासागर | 6447 |
| मिसीसिपी-मिसौरी | इतास्का झील (सं.रा.अ.) | मैक्सिको की खाड़ी | 6020 |
| यांगटीसिक्यांग | तिब्बत का पठार | चीन सागर | 5494 |
| ह्वांगहो | कुनलुन पर्वत | चीन की खाड़ी | 4344 |
| कांगो | लुआलिया और लआपुला नदी का संगम | अटलाण्टिक महासागर | 3700 |
| नाइजर | गिनी | गिनी की खाड़ी | 4180 |
| वोल्गा | ब्लडाई पठार | कैस्पियन सागर | 3690 |
| डेन्यूब | ब्लैक फॉरेस्ट | काला सागर | 2840 |
| डार्लिंग | ऑस्ट्रेलियन आल्पस से | मर्रे नदी | 2508 |
| मरे | ऑस्ट्रेलियन आल्पस से | हिन्द महासागर | 1472 |

### नदियों पर बसे विश्व के प्रमुख नगर

| नगर का नाम | नदियों के नाम |
|---|---|
| लन्दन (इंग्लैण्ड) | टेम्स |
| बर्लिन (जर्मनी) | स्प्री |
| बेलग्रेड (सर्बिया) | डेन्यूब |
| वियना (ऑस्ट्रिया) | डेन्यूब |
| लिस्बन (पुर्तगाल) | टैगुस |
| डबलिन (आयरलैण्ड) | लीफे |
| बॉन (जर्मनी) | राइन |
| प्राग (चेक गणराज्य) | विटावा |
| रोम (इटली) | टाइबर |
| पेरिस (फ्रांस) | सीन |
| बुडापेस्ट (हंगरी) | डेन्यूब |
| मैड्रिड (स्पेन) | मैन्जनियर |
| वाशिंगटन (सं.रा.अ.) | पोटोमैक |
| रंगून (म्यांमार) | इरावदी |
| पर्थ (ऑस्ट्रेलिया) | स्वान |
| टोक्यो (जापान) | अराकाव |
| सिडनी (ऑस्ट्रेलिया) | डार्लिंग |
| न्यूयॉर्क (सं.रा.अ.) | हडसन |
| कराची (पाकिस्तान) | सिन्धु |
| लाहौर (पाकिस्तान) | रावी |
| शंघाई (चीन) | यांग्टीसिक्यांग |
| ब्यूनस आयर्स (अर्जेण्टीना) | लाप्लाटा |
| काहिरा (मिस्र) | नील |
| बगदाद (इराक) | टिग्रिस |

### प्रमुख स्थानों के भौगोलिक उपनाम

| उपनाम | स्थान | उपनाम | स्थान |
|---|---|---|---|
| सफेद हाथियों का देश | लाओस | चीन का शोक | ह्वांग-हो नदी |
| नील नदी की देन | मिस्र | सात पर्वतों का नगर | रोम |
| चीनी का कटोरा | क्यूबा | यूरोप का स्वर्ग | स्विट्जरलैण्ड |
| कंगारुओं का देश | ऑस्ट्रेलिया | दुनिया की छत | पामीर का पठार |
| पूरब का मोती | सिंगापुर | पिरामिडों का देश | मिस्र |
| हजार झीलों का देश | फिनलैण्ड | निषिद्ध शहर | ल्हासा (तिब्बत) |
| मध्यरात्रि के सूर्य का देश | नार्वे | एम्पायर सिटी | न्यूयॉर्क |
| भूमध्य सागर की कुञ्जी | जिब्राल्टर | लौंग का द्वीप | जंजीबार (अफ्रीका) |
| संसार का रोटी भण्डार | उत्तरी अमेरिका का प्रेयरीज मैदान | इटरनल सिटी (शाश्वत नगर) | रोम |
| यूरोप का मरीज | तुर्की | एड्रियाटिक की रानी | वेनिस (इटली) |
| सूर्योदय का देश | जापान | अट्टालिकाओं का शहर | वाशिंगटन (डी.सी.) |
| पवित्र भूमि | येरूसलम | | |

### प्रमुख द्वीप

| नाम (स्थिति सहित) | क्षेत्रफल (वर्ग किमी) |
|---|---|
| ग्रीनलैण्ड (उत्तरी अटलाण्टिक महासागर) | 2175000 |
| न्यूगिनी (प्रशान्त महासागर) | 789900 |
| बोर्नियो (प्रशान्त महासागर) | 751000 |
| मेडागास्कर (हिन्द महासागर) | 587041 |
| बेफिन द्वीप (कनाडा) | 507451 |
| सुमात्रा (इण्डोनेशिया) | 422200 |

### प्रमुख कृषि फसलें और उनके उत्पादक देश

- **चावल** चीन, भारत, इण्डोनेशिया, बांग्लादेश।गेहूँ चीन, भारत, यू.एस.ए., रूस, फ्रांस, कनाडा।
- **तम्बाकू** चीन, ब्राजील, भारत, यू.एस.ए.।
- **सोयाबीन** यू.एस.ए., ब्राजील, अर्जेण्टीना, चीन, भारत।
- **कॉफी** ब्राजील, वियतनाम, इण्डोनेशिया, कोलम्बिया।
- **रबर** थाईलैण्ड, इण्डोनेशिया, वियतनाम, भारत।मक्का यू.एस.ए., चीन, ब्राजील, अर्जेण्टीना।
- **कपास** चीन, भारत, यू.एस.ए., पाकिस्तान।
- **गन्ना** ब्राजील, भारत, चीन, थाइलैण्ड, पाकिस्तान।
- **चाय** चीन, भारत, केन्या, श्रीलंका, वियतनाम।

### प्रमुख खनिज तथा उसके उत्पादक देश

| क्र.सं. | खनिज | उत्पादक देश |
|---|---|---|
| 1. | लोहा | चीन, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील |
| 2. | ताँबा | चिली, चीन, पेरू |
| 3. | मैंगनीज | चीन, द.अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया |
| 4. | बॉक्साइट | ऑस्ट्रेलिया, चीन, ब्राजील |
| 5. | टिन | चीन, इण्डोनेशिया, पेरू |
| 6. | सोना | चीन, ऑस्ट्रेलिया, रूस |
| 7. | चाँदी | मैक्सिको, चीन, पेरू |
| 8. | हीरा | रूस, बोत्सवाना, कांगो |
| 9. | अभ्रक | चीन, सं.रा.अ., द.कोरिया |
| 10. | कोयला | चीन, सं.रा.अ., आस्ट्रेलिया |
| 11. | यूरेनियम | कजाकिस्तान, कनाडा,ऑस्ट्रेलिया |

### विश्व की घास-भूमियों के प्रादेशिक नाम

| उष्ण कटिबन्धीय घास-भूमि | क्षेत्र | शीतोष्ण कटिबन्धीय घास-भूमि | क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| कैम्पोज | ब्राजील | प्रेयरी | उत्तरी अमेरिका |
| लानोज | वेनेजुएला | पम्पास | अर्जेण्टीना |
| सवाना | उत्तरी अफ्रीका | स्टेपी | यूरेशिया |
| पार्कलैण्ड | ऑस्ट्रेलिया | वेल्ड्स | दक्षिणी अफ्रीका |
| पटाना | श्रीलंका | डाउन्स | ऑस्ट्रेलिया |

**विश्व की प्रमुख जनजातियाँ**

| जनजाति | सम्बन्धित देश/क्षेत्र |
|---|---|
| एस्कीमो | ग्रीनलैण्ड एवं कनाडा |
| खिरगीज | मध्य एशिया |
| माओरी | न्यूजीलैण्ड |
| जुलु | नेटाल प्रान्त (द. अफ्रीका) |
| सेमांग | मलयेशिया, थाईलैण्ड |
| बुशमैन | कालाहारी मरुस्थल (बोत्सवाना) |
| यूकाधिर | साइबेरिया |
| रेड इण्डियन | उत्तरी अमेरिका |
| पिग्मीज | कांगो बेसिन |
| बोरो | ब्राजील (अमेजन बेसिन) |
| बद्दू | अरब |

**मानचित्र की रेखाएँ**

| रेखाएँ | विवरण |
|---|---|
| समोच्च रेखा | समुद्र तल से समान ऊँचाई वाले बिन्दुओं को मिलाने वाली रेखा। |
| आइसोबाथ | समुद्र के भीतर समान गहराई वाले स्थानों को मिलाने वाली रेखा। |
| समदाब रेखा | समान वायुदाब वाले स्थानों को जोड़ने वाली रेखा। |
| आइसोहैलाइन | समान लवणीयता के बिन्दुओं को मिलाने वाली रेखा। |
| आइसोहेल | समान सूर्यातप की अवधि को मिलाने वाली रेखा। |
| समवर्षा रेखा | समान वर्षा वाले स्थानों को जोड़ने वाली रेखा। |
| आइसोनिफ | समान हिम स्थानों को जोड़ने वाली रेखा। |
| सम-मेघ रेखा | एक समान औसत मेघाच्छन्नता (Orercrast) वाले स्थानों को जोड़ने वाली रेखा। |
| सम-भूकम्पी रेखा | समान भूकम्पीय तीव्रता को मिलाने वाली रेखा। |
| समताप रेखा | समान ताप व ऊँचाई वाले स्थानों को मिलाने वाली रेखा। |

# भारत का भूगोल

## स्थिति एवं विस्तार

- भारत एशिया महाद्वीप के दक्षिणी भाग में स्थित है। यह तीन ओर से समुद्र से घिरा है। हिन्द महासागर इसके दक्षिण में है। भारत की अवस्थिति उत्तरी गोलार्द्ध में है।
- भारत का विस्तार 8°4′ उत्तरी अक्षांश से 37°6′ उत्तरी अक्षांश तक तथा 68° 7′ पूर्वी देशान्तर से 97°25′ पूर्वी देशान्तर तक है।
- कर्क रेखा देश को लगभग दो बराबर हिस्सों में बाँटते हुए 8 राज्यों—गुजरात, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखण्ड, पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा तथा मिजोरम—से होकर गुजरती है।
- भारत का मानक समय इलाहाबाद के नैनी नामक स्थान से लिया गया है, जो 82° 30′ पूर्वी देशान्तर पर स्थित है। यह समय ग्रीनविच माध्य समय से 5 घण्टे 30 मिनट आगे है।
- भारत का क्षेत्रफल 32,87,263 वर्ग किमी है। क्षेत्रफल में भारत का विश्व में सातवाँ स्थान है।
- जनसंख्या की दृष्टि से विश्व में भारत का चीन के बाद दूसरा स्थान है।
- विश्व की कुल भूमि का 2.4% भाग भारत के पास है, जबकि विश्व की लगभग 16% जनसंख्या भारत में निवास करती है।
- क्षेत्रफल की दृष्टि से राजस्थान भारत का सबसे बड़ा तथा गोवा सबसे छोटा राज्य है।
- केन्द्रशासित प्रदेशों में अण्डमान निकोबार द्वीप समूह का क्षेत्रफल सबसे अधिक तथा लक्षद्वीप का सबसे कम है।
- भारत की स्थलीय सीमा की लम्बाई 15,200 किमी तथा द्वीप सहित जलीय सीमा की लम्बाई 7,516.6 किमी है।
- मुख्य धरातलीय भाग की समुद्री सीमा की लम्बाई 6,100 किमी है। भारत में सबसे लम्बी तट रेखा वाला राज्य गुजरात है।
- भारत की प्रादेशिक जल सीमा 12 समुद्री मील की दूरी तक है।
- भारत के सबसे दक्षिणतम बिन्दु इन्दिरा प्वाइण्ट है और यह बंगाल की खाड़ी में स्थित ग्रेट निकोबार द्वीप पर है।
- अरब सागर में स्थित लक्षद्वीप प्रवाल भित्ति से निर्मित है।
- बंगाल की खाड़ी में स्थित अण्डमान निकोबार द्वीप समूह में बैरन तथा नारकोण्डम नामक दो ज्वालामुखी पाये जाते हैं।

**प्रमुख दर्रे**

| दर्रा | अवस्थिति |
|---|---|
| कराकोरम, जोजिला, बनिहाल, बुर्जिल | जम्मू-कश्मीर |
| शिपकी ला, बड़ालाचा ला | हिमाचल प्रदेश |
| माना, लिपुलेख | उत्तराखण्ड |
| नाथू ला, जेलेप ला | सिक्किम |
| बोमडी ला, दिफू | अरुणाचल प्रदेश |
| थाल घाट, भोर घाट | महाराष्ट्र |
| पाल घाट, शेनकोहा | केरल |

**प्रमुख नदियाँ**

| नाम | उद्गम स्थल | संगम/मुहाना | लम्बाई (किमी) |
|---|---|---|---|
| सिन्धु | मानसरोवर झील के समीप स्थित राक्षस ताल झील | अरब सागर | 2880 |
| गंगा | गंगोत्री के पास गोमुख हिमानी | बंगाल की खाड़ी | 2510 |
| ब्रह्मपुत्र | मानसरोवर झील के समीप स्थित चीमायुंगदुंग हिमानी | बंगाल की खाड़ी | 2900 |
| सतलज | मानसरोवर झील के समीप स्थित राक्षस ताल | चिनाब नदी | 1050 |
| रावी | कांगड़ा जिले में रोहतांग दर्रे के समीप | चिनाब नदी | 720 |
| व्यास | रोहतांग दर्रे के समीप | सतलज नदी | 625 |
| यमुना | बन्दरपूँछ के पश्चिमी ढाल पर स्थित यमुनोत्री हिमानी | प्रयाग (इलाहाबाद) में गंगा नदी | 1375 |
| चम्बल | मध्य प्रदेश में महू के समीप स्थित जनापाव पहाड़ी | यमुना नदी | 1050 |

| नाम | उद्गम स्थल | संगम/मुहाना | लम्बाई (किमी) |
|---|---|---|---|
| गण्डक | नेपाल | गंगा नदी | 425 |
| कोसी | गोसाई धाम चोटी के उत्तर में | गंगा नदी | 730 |
| सोन | अमरकण्टक की पहाड़ियाँ | गंगा नदी | 780 |
| कृष्णा | महाबलेश्वर के समीप पश्चिमी घाट पहाड़ | बंगाल की खाड़ी | 1327 |
| गोदावरी | नासिक जिले (महाराष्ट्र) के दक्षिण-पश्चिम में 64 किमी दूर स्थित, त्र्यम्बक पहाड़ी | बंगाल की खाड़ी | 1465 |
| कावेरी | कर्नाटक के कुर्ग जिले में स्थित ब्रह्मगिरि पहाड़ी | बंगाल की खाड़ी | 805 |
| तुंगभद्रा | कर्नाटक में पश्चिम घाट पहाड़ | कृष्णा नदी | 640 |
| महानदी | मध्य प्रदेश के रामपुर जिले में सिंहावा के समीप | बंगाल की खाड़ी (कटक के समीप) | 858 |
| नर्मदा | अमरकण्टक की पहाड़ियाँ | खम्भात की खाड़ी | 1057 |
| ताप्ती | बैतूल (म. प्र.) के मुल्ताई के पास | खम्भात की खाड़ी | 724 |
| लूनी | अजमेर जिले में स्थित नाग पहाड़ी (अरावली पर्वत) | कच्छ की खाड़ी | 450 |

## नदियों के किनारे बसे नगर

| नगर | नदी | नगर | नदी |
|---|---|---|---|
| आगरा | यमुना | अहमदाबाद | साबरमती |
| कटक | महानदी | कोलकाता | हुगली |
| हरिद्वार | गंगा | गुवाहाटी | ब्रह्मपुत्र |
| नासिक | गोदावरी | पणजी | माण्डवी |
| उज्जैन | क्षिप्रा | सूरत | ताप्ती |
| श्रीनगर | झेलम | अयोध्या | सरयू |
| तिरुचिरापल्ली | कावेरी | हैदराबाद | मूसी |
| जौनपुर | गोमती | सम्बलपुर | महानदी |
| डिब्रूगढ़ | ब्रह्मपुत्र | लखनऊ | गोमती |
| पटना | गंगा | इलाहाबाद | गंगा-यमुना |

## मुख्य बहुउद्देशीय परियोजनाएँ

| बहुउद्देशीय परियोजना | राज्य | नदी/नदियों |
|---|---|---|
| भीमा परियोजना | महाराष्ट्र | पवना एवं कृष्णा |
| हीराकुड जल विद्युत परियोजना | ओडिशा | महानदी(इस परियोजना पर विश्व का सबसे लम्बा बाँध 4,801 मीटर है।) |
| सरदार सरोवर परियोजना | गुजरात | नर्मदा |
| इन्दिरा गाँधी नहर परियोजना | राजस्थान | रावी, व्यास, सतलज |
| फरक्का परियोजना | पश्चिम बंगाल | गंगा |
| दामोदर घाटी परियोजना | पश्चिम बंगाल व झारखण्ड | दामोदर |
| इडुक्की परियोजना | केरल | पेरियार |
| थीन बाँध | पंजाब | रावी |
| भाखड़ा नांगल बाँध परियोजना | पंजाब | सतलज (यह विश्व का दूसरा सबसे ऊँचा बाँध–226 मीटर) है एवं इसका जलाशय गोविन्द सागर झील कहलाता है। |
| सलाल पनबिजली परियोजना | जम्मू व कश्मीर | चिनाब |
| कोसी परियोजना | बिहार (भारत- नेपाल) | कोसी |
| सोन परियोजना | बिहार | सोन |
| काकरापारा परियोजना | गुजरात (सूरत) | ताप्ती |
| उकाई परियोजना | गुजरात | ताप्ती |
| गाँधी सागर परियोजना | मध्य प्रदेश | चम्बल |
| राणाप्रताप सागर परियोजना | राजस्थान | चम्बल |
| जवाहर सागर परियोजना | राजस्थान | चम्बल |
| माताटीला बाँध परियोजना | उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश | बेतवा |
| टिहरी बाँध परियोजना | उत्तराखण्ड | भागीरथी |
| नागार्जुन सागर परियोजना | आन्ध्र प्रदेश | कृष्णा |
| तुंगभद्रा परियोजना | आन्ध्र प्रदेश, कर्नाटक | तुंगभद्रा |

## प्रमुख राष्ट्रीय उद्यान एवं वन्यजीव अभयारण्य

| उद्यान | स्थान |
|---|---|
| काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान | जोरहाट (असोम) |
| मानस वन्यजीव अभयारण्य | बारपेटा (असोम) |
| हजारीबाग राष्ट्रीय पार्क | हजारीबाग (झारखण्ड) |
| बेतला राष्ट्रीय पार्क | पलामू (झारखण्ड) |
| भीम बाँध वन्यजीव अभयारण्य | मुंगेर (बिहार) |
| बान्दीपुर राष्ट्रीय पार्क | बान्दीपुर (कर्नाटक) |
| गिर राष्ट्रीय उद्यान | जूनागढ़ (गुजरात) |
| केवलादेव पक्षी विहार | भरतपुर (राजस्थान) |
| सरिस्का वन्यजीव अभयारण्य | अलवर (राजस्थान) |
| दचीगाम वन्यजीव अभयारण्य | श्रीनगर (जम्मू-कश्मीर) |
| बान्धवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान | बान्धवगढ़ (मध्य प्रदेश) |
| कान्हा राष्ट्रीय उद्यान | बालाघाट (मध्य प्रदेश) |
| जलदापाड़ा वन्यजीव अभयारण्य | जलपाईगुड़ी (पश्चिम बंगाल) |
| सिमलीपाल राष्ट्रीय उद्यान | मयूरभंज (ओडिशा) |
| दुधवा राष्ट्रीय उद्यान | लखीमपुर खीरी (उत्तर प्रदेश) |
| कॉर्बेट राष्ट्रीय उद्यान | नैनीताल (उत्तराखण्ड) |
| पेरियार वन्यजीव अभयारण्य | इडुक्की (केरल) |
| मदुमल्लाई वन्यजीव अभयारण्य | नीलगिरि (तमिलनाडु) |
| पेराम्बिकुलम वन्यजीव अभयारण्य | पालघाट (केरल) |
| शरावती वन्यजीव अभयारण्य | शिमोगा (कर्नाटक) |
| नागरहोल राष्ट्रीय उद्यान | कुर्ग (कर्नाटक) |
| नन्दादेवी पशु विहार | चमोली (उत्तराखण्ड) |
| चन्द्रप्रभा वन्यजीव अभयारण्य | वाराणसी (उत्तर प्रदेश) |
| वेदान्तगल अभयारण्य | चिंगलपुर, चेन्नई (तमिलनाडु) |
| रणथम्भौर वन्यजीव अभयारण्य | सवाई माधोपुर (राजस्थान) |
| कैमूर वन्यजीव अभयारण्य | बिहार |
| सतपुड़ा राष्ट्रीय उद्यान | सीही एवं सरगुजा (मध्य प्रदेश) |
| पंचमढ़ी वन्यजीव अभयारण्य | होशंगाबाद (मध्य प्रदेश) |

### मुख्य कृषि फसलें एवं उत्पादक राज्य

| कृषि फसल | उत्पादक राज्य |
|---|---|
| चावल | पश्चिम बंगाल, बिहार, मध्य प्रदेश |
| गेहूँ | उत्तर प्रदेश, पंजाब, मध्य प्रदेश |
| मक्का | आन्ध्र प्रदेश, कर्नाटक, महाराष्ट्र |
| गन्ना | उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक |
| कपास | गुजरात, महाराष्ट्र, आन्ध्र प्रदेश |
| जूट | पश्चिम बंगाल, बिहार, असोम |
| कॉफी | कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु |
| रबड़ | केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक |
| रेशम | कर्नाटक, झारखण्ड, असोम |
| तम्बाकू | आन्ध्र प्रदेश, गुजरात, कर्नाटक |
| आलू | उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, बिहार |
| चाय | असोम, पश्चिम बंग, हिमाचल प्रदेश |

### भारत में कृषि क्षेत्र की महत्त्वपूर्ण क्रान्तियाँ

- हरित क्रान्ति (Green Revolution) कृषि उत्पादन
- श्वेत क्रान्ति (White Revolution) दुग्ध उत्पादन
- नीली क्रान्ति (Blue Revolution) मत्स्य उत्पादन
- गुलाबी क्रान्ति (Pink Revolution) झींगा मछली का उत्पादन
- पीली क्रान्ति (Yellow Revolution) सूर्यमुखी व अन्य तिलहनों का उत्पादन
- भूरी क्रान्ति (Brown Revolution) गैर-परम्परागत ऊर्जा उत्पादन
- लाल क्रान्ति (Red Revolution) मांस/टमाटर उत्पादन
- गोल क्रान्ति (Round Revolution) आलू उत्पादन
- रजत क्रान्ति (Silver Revolution) अण्डा उत्पादन
- सुनहरी क्रान्ति (Golden Revolution) फल उत्पादन (बागवानी)
- इन्द्रधनुषी क्रान्ति (Rainbow Revolution) कृषि सम्बन्धी समग्र क्रान्ति

### प्रमुख खनिज एवं उत्पादक राज्य

| प्रमुख खनिज | प्रमुख उत्पादक राज्य |
|---|---|
| अभ्रक | आन्ध्र प्रदेश, राजस्थान, झारखण्ड |
| बॉक्साइट | ओडिशा, गुजरात, झारखण्ड |
| लौह-अयस्क | ओडिशा, छत्तीसगढ़, झारखण्ड |
| जस्ता | राजस्थान, आन्ध्र प्रदेश, झारखण्ड |
| जिप्सम | राजस्थान, जम्मू-कश्मीर, गुजरात |
| सोना | कर्नाटक, आन्ध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़ |
| चाँदी | राजस्थान, कर्नाटक, झारखण्ड |
| हीरा | मध्य प्रदेश, आन्ध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़ |
| ताँबा | मध्य प्रदेश, राजस्थान, झारखण्ड |
| मैंगनीज | मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा |
| टिन | छत्तीसगढ़, ओडिशा |
| लिग्नाइट | तमिलनाडु, गुजरात, राजस्थान |
| कोयला | छत्तीसगढ़, झारखण्ड, ओडिशा |
| पेट्रोलियम | मुम्बई हाई, गुजरात, राजस्थान, असोम |

### प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्ग

| राष्ट्रीय राजमार्ग (N.H.) संख्या | मार्ग |
|---|---|
| राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-1 | दिल्ली-अम्बाला-जालन्धर-अमृतसर-पाक सीमा तक |
| राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-2 | दिल्ली-कोलकाता |
| राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-3 | आगरा-मुम्बई |
| राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-4 | मुम्बई-चेन्नई |
| राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-5 | कोलकाता-चेन्नई |
| राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-6 | कोलकाता-मुम्बई |
| राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-7 | वाराणसी-कन्याकुमारी |
| राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-8 | दिल्ली-जयपुर |
| राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-9 | पुणे-विजयवाड़ा |
| राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-10 | दिल्ली-फिरोजपुर |

### रेलमण्डल एवं उनके मुख्यालय

| क्र.सं. | रेलमण्डल | मुख्यालय |
|---|---|---|
| 1. | उत्तर रेलवे | नई दिल्ली |
| 2. | पश्चिम रेलवे | मुम्बई (चर्च गेट) |
| 3. | दक्षिण रेलवे | चेन्नई |
| 4. | पूर्व रेलवे | कोलकाता |
| 5. | मध्य रेलवे | मुम्बई (छत्रपति-शिवाजी टर्मिनस) |
| 6. | दक्षिण मध्य रेलवे | सिकन्दराबाद |
| 7. | दक्षिण-पूर्व रेलवे | कोलकाता |
| 8. | उत्तर-पूर्व रेलवे | गोरखपुर |
| 9. | उत्तर-पूर्व सीमान्त रेलवे | मालेगाँव (गुवाहाटी) |
| 10. | पूर्व-मध्य रेलवे | हाजीपुर |
| 11. | उत्तर-मध्य रेलवे | इलाहाबाद |
| 12. | पश्चिम-मध्य रेलवे | जबलपुर |
| 13. | दक्षिण-पश्चिम रेलवे | बंगलुरु |
| 14. | उत्तर-पश्चिम रेलवे | जयपुर |
| 15. | पूर्वी-तटवर्ती रेलवे | भुवनेश्वर |
| 16. | दक्षिण-पूर्व-मध्य रेलवे | बिलासपुर |
| 17. | कोलकाता मैट्रो रेलवे | कोलकाता |

### प्रमुख बड़े बन्दरगाह

| नाम | राज्य | नदी/खाड़ी एवं समुद्र |
|---|---|---|
| कोलकाता | पश्चिम बंगाल | हुगली |
| मुम्बई | महाराष्ट्र | अरब सागर |
| चेन्नई | तमिलनाडु | बंगाल की खाड़ी |
| कोचीन | केरल | अरब सागर |
| विशाखापट्टनम | आन्ध्र प्रदेश | बंगाल की खाड़ी |
| पाराद्वीप | उड़ीसा | बंगाल की खाड़ी |
| न्यू तूतीकोरिन | तमिलनाडु | बंगाल की खाड़ी |
| मार्मुगाओ | गोवा | अरब सागर |
| काण्डला | गुजरात | अरब सागर |
| न्यू मंगलौर | कर्नाटक | अरब सागर |
| न्हावा शेवा | महाराष्ट्र | अरब सागर |
| हल्दिया | प. बंगाल | हुगली |

# अभ्यास के लिए प्रश्न

## सौरमण्डल

1. सूर्य के चारों ओर परिक्रमा करने वाले खगोलीय पिण्ड क्या कहलाते हैं?
(a) ग्रह (b) उपग्रह
(c) क्षुद्र ग्रह (d) पुच्छल तारा

2. ग्रहों की गति का नियम किसने प्रतिपादित किया?
(a) कोपरनिकस (b) गैलीलियो
(c) केप्लर (d) न्यूटन

3. सौरमण्डल में कुल कितने ग्रह हैं?
(a) 9 (b) 8 (c) 7 (d) 10

4. सूर्य से बढ़ती दूरी के अनुसार ग्रहों का सही क्रम है
(a) बुध, शुक्र, मंगल, पृथ्वी
(b) बुध, पृथ्वी, शुक्र, मंगल
(c) बुध, मंगल, पृथ्वी, शुक्र
(d) बुध, शुक्र, पृथ्वी, मंगल

5. सबसे चमकीला ग्रह है
(a) पृथ्वी (b) शुक्र
(c) मंगल (d) बृहस्पति

6. सूर्य से सबसे दूर स्थित ग्रह है
(a) प्लूटो (b) नेप्च्यून
(c) यूरेनस (d) जुपीटर

7. निम्नलिखित में सबसे गर्म ग्रह है
(a) पृथ्वी (b) मंगल (c) शनि (d) बुध

8. सूर्य के धरातल का तापमान लगभग कितना होता है?
(a) 3000°C (b) 5000°C
(c) 6000°C (d) 7000°C

9. सूर्य के संघटन में सहायक गैस हैं
(a) ऑक्सीजन एवं नाइट्रोजन
(b) हीलियम एवं ऑक्सीजन
(c) हीलियम एवं नाइट्रोजन
(d) हीलियम एवं हाइड्रोजन

10. बिना उपग्रह वाले ग्रह हैं
(a) बुध एवं मंगल (b) मंगल एवं शुक्र
(c) मंगल एवं वरुण (d) बुध एवं शुक्र

11. सूर्य के प्रकाश को पृथ्वी पर पहुँचने में लगभग कितना समय लगता है?
(a) 8 मिनट (b) 9 मिनट
(c) 7 मिनट (d) 8 सेकण्ड

12. पृथ्वी का उपग्रह है
(a) कोरोना (b) चन्द्रमा
(c) जेना (d) कारला

13. 'सी आफ ट्रांक्विलिटी' कहाँ पर है?
(a) पृथ्वी (b) सूर्य
(c) शुक्र (d) चन्द्रमा

14. सौरमण्डल में सबसे बड़ा ग्रह है
(a) शुक्र (b) शनि (c) बृहस्पति (d) पृथ्वी

15. पृथ्वी के अतिरिक्त किस ग्रह पर वायुमण्डल पाया जाता है?
(a) बुध (b) मंगल
(c) बृहस्पति (d) शनि

16. 'नीला ग्रह' के नाम से जाना जाता है
(a) मंगल (b) पृथ्वी (c) शुक्र (d) यूरेनस

17. सूर्य से पृथ्वी की दूरी कितनी है?
(a) 149 मिलियन किमी
(b) 150 मिलियन किमी
(c) 236 मिलियन किमी
(d) 256 मिलियन किमी

18. पृथ्वी पर दिन-रात की अवधि कहाँ समान होती है?
(a) भूमध्य रेखा पर (b) मकर रेखा पर
(c) कर्क रेखा पर (d) ध्रुवों पर

19. पृथ्वी पर दिन एवं रात होने का कारण है
(a) पृथ्वी का अपने अक्ष पर घूर्णन
(b) पृथ्वी की सापेक्ष सूर्य की गति
(c) पृथ्वी के अक्ष का झुकाव
(d) पृथ्वी का सूर्य के चारों ओर परिक्रमण

20. पृथ्वी की अपनी कक्षा में गति है
(a) पश्चिम से पूर्व (b) पूर्व से पश्चिम
(c) उत्तर से दक्षिण (d) दक्षिण से उत्तर

21. सूर्य और पृथ्वी के बीच अधिकतम दूरी (अपसौर) होती है
(a) 4 जुलाई (b) 30 जनवरी
(c) 22 दिसम्बर (d) 23 सितम्बर

22. सूर्य एवं पृथ्वी के बीच न्यूनतम दूरी (उपसौर) होती है
(a) 14 जुलाई (b) 30 जनवरी
(c) 3 जनवरी (d) 23 सितम्बर

23. निम्नलिखित में से किस तिथि को दिन-रात बराबर होते हैं?
(a) 21 मार्च (b) 23 दिसम्बर
(c) 22 सितम्बर (d) (a) एवं (c) दोनों

24. 'चन्द्रग्रहण' का कारण है
(a) पृथ्वी एवं सूर्य के बीच चन्द्रमा का आना
(b) पृथ्वी एवं चन्द्रमा के बीच सूर्य का आना
(c) सूर्य एवं चन्द्रमा के बीच पृथ्वी का आना
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

25. 'सूर्यग्रहण' का कारण है
(a) पृथ्वी एवं सूर्य के बीच चन्द्रमा का आना
(b) पृथ्वी एवं चन्द्रमा के बीच सूर्य का आना
(c) सूर्य एवं चन्द्रमा के बीच पृथ्वी का आना
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

26. 'मध्य रात्रि का सूर्य' कहाँ दिखाई देता है?
(a) आर्कटिक क्षेत्र में (b) अण्टार्कटिक क्षेत्र में
(c) नार्वे में (d) सऊदी अरब में

27. भूमध्य रेखा पर पृथ्वी का व्यास है लगभग
(a) 25000 किमी (b) 20000 किमी
(c) 12800 किमी (d) 6400 किमी

28. प्रधान मध्याह्न रेखा किस स्थान से होकर गुजरती है?
(a) सिडनी (b) मेलबोर्न
(c) बर्खोयान्स्क (d) ग्रीनविच

29. एक देशान्तर से दूसरे देशान्तर के बीच कितना समयान्तराल होता है?
(a) 15 मिनट (b) 12 मिनट
(c) 10 मिनट (d) 4 मिनट

30. ध्रुवों की तरफ जाने पर अक्षांश रेखाओं के व्यास की प्रकृति कैसी होती है?
(a) स्थिर रहती है (b) घटती है
(c) बढ़ती है (d) इनमें से कोई नहीं

## स्थलमण्डल

31. पृथ्वी के केन्द्र में पाया जाने वाला चुम्बकीय पदार्थ है
(a) ग्रेनाइट (b) बेसाल्ट
(c) निकेल (d) डायोराइट

32. पृथ्वी की ऊपरी परत को क्या कहा जाता है?
(a) मैन्टल (b) भूपर्पटी (क्रस्ट)
(c) क्रोड (d) इनमें से कोई नहीं

33. पृथ्वी में कौन-सा तत्त्व सर्वाधिक मात्रा में पाया जाता है?
(a) कैल्शियम (b) लोहा
(c) सिलिकॉन (d) ऑक्सीजन

34. पृथ्वी के लगभग कितने प्रतिशत भाग पर स्थल है?
(a) 29% (b) 39%
(c) 31% (d) 41%

35. निम्नलिखित में से कौन कायान्तरित चट्टान है?
(a) ग्रेनाइट (b) शैल
(c) संगमरमर (d) बेसाल्ट

36. धरातल के जिस स्थान पर सर्वप्रथम भूकम्प का अनुभव किया जाता है, वह कहलाता है
(a) भूकम्प मूल (b) भूकम्प अधिकेन्द्र
(c) भूकम्प केन्द्र (d) इनमें से कोई नहीं

37. विश्व के सर्वाधिक भूकम्प निम्न में से किस पेटी में आते हैं?
(a) हिन्द महासागरीय पेटी
(b) मध्य महासागरीय पेटी
(c) परिप्रशान्त महासागरीय पेटी
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

38. 'रिक्टर स्केल' से क्या मापा जाता है?
(a) भूकम्प की तीव्रता
(b) सापेक्षिक आर्द्रता
(c) वर्षा की मात्रा
(d) ताप

39. भूकम्पीय तरंगों को किस यन्त्र से मापा जाता है?
(a) बैरोग्राफ (b) क्लाइमोग्राफ
(c) सीस्मोग्राफ (d) इनमें से कोई नहीं

40. वह कौन-सा महाद्वीप है जहाँ एक भी ज्वालामुखी नहीं है?
(a) यूरोप
(b) अफ्रीका
(c) दक्षिण अमेरिका
(d) ऑस्ट्रेलिया

41. विश्व का सबसे ऊँचा ज्वालामुखी 'कोटोपैक्सी' कहाँ स्थित है?
(a) जापान (b) इक्वेडोर
(c) कोस्टारिका (d) पेरु

42. निम्नलिखित में से किसे 'प्रकृति का सुरक्षा वाल्व' कहा जाता है?
(a) ज्वालामुखी (b) भूकम्प
(c) ओजोन गैस (d) नदियाँ

43. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सुमेलित नहीं है?

| ज्वालामुखी | स्थान |
|---|---|
| (a) एटना | इटली |
| (b) फ्यूजीयामा | जापान |
| (c) पोपा | म्यांमार |
| (d) क्राकाटोआ | मलेशिया |

44. 'रॉकीज', 'एण्डीज', 'एटलस', 'आल्पस' 'हिमालय' आदि किस प्रकार के पर्वत हैं?
(a) वलित (b) अवशिष्ट
(c) ब्लॉक (d) ज्वालामुखी

45. विश्व का सबसे ऊँचा पर्वत शिखर 'माउण्ट एवरेस्ट' कहाँ स्थित है?
(a) भारत (b) पाकिस्तान
(c) नेपाल (d) तिब्बत

46. 'लोयस का पठार' है
(a) हिमानीकृत (b) जलकृत
(c) नदीकृत (d) पवनकृत

47. विश्व का सर्वाधिक ऊँचा पठार कौन-सा है?
(a) तिब्बत का पठार
(b) कोलम्बिया का पठार
(c) कोलोरेडो का पठार
(d) बोलीविया का पठार

## वायुमण्डल

48. वायुमण्डल का सर्वाधिक स्थायी तत्त्व क्या है?
(a) नाइट्रोजन (b) ऑक्सीजन
(c) कार्बन डाइ-ऑक्साइड
(d) जलवाष्प

49. वायुमण्डल में सर्वाधिक मात्रा में कौन-सी गैस विद्यमान है?
(a) ऑक्सीजन (b) नाइट्रोजन
(c) कार्बन डाइ-ऑक्साइड
(d) ऑर्गन

50. निम्नलिखित में से कौन-सी गैस 'ग्रीन हाउस प्रभाव' के लिए उत्तरदायी है?
(a) क्लोरीन (b) हाइड्रोजन
(c) कार्बन डाइ-ऑक्साइड
(d) ऑक्सीजन

51. वायुमण्डल में दैनिक मौसम परिवर्तन निम्न में से किसमें अधिक होता है?
(a) क्षोभमण्डल (b) मध्यमण्डल
(c) आयनमण्डल (d) समतापमण्डल

52. 'ओजोन परत' कहाँ अवस्थित है?
(a) क्षोभमण्डल में (b) क्षोभसीमा में
(c) समतापमण्डल में (d) आयनमण्डल में

53. वायुदाब में अचानक आने वाली कमी किस परिघटना की सूचक है?
(a) स्वच्छ मौसम (b) वर्षा का मौसम
(c) शीतल मौसम (d) तूफानी मौसम

54. वायुदाब को किस यन्त्र से मापा जाता है?
(a) बैरोमीटर (b) मैनोमीटर
(c) लैक्टोमीटर (d) हाइग्रोमीटर

55. 'डोलड्रम पेटी' (शान्त पेटी) का विस्तार कहाँ पाया जाता है?
(a) 0° - 5° उत्तर (b) 0° - 5° दक्षिण
(c) 0° - 15° उत्तर एवं दक्षिण
(d) 0° - 5° उत्तर एवं दक्षिण

56. 'चीखता साठा' पवनें कहाँ प्रवाहित होती है?
(a) 60° पूर्वी देशान्तर के पास
(b) 60° दक्षिणी अक्षांश के पास
(c) 60° पश्चिमी देशान्तर के पास
(d) 60° उत्तरी अक्षांश के पास

57. आल्पस पर्वत के उत्तरी भाग में बहने वाली उष्ण शुष्क स्थानीय हवाओं को क्या कहा जाता है?
(a) फॉन (b) चिनूक
(c) सिरोको (d) खमसिन

58. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सुमेलित नहीं है?

| हवा | स्थान |
|---|---|
| (a) मिस्ट्रल | फ्रांस |
| (b) यामो | जापान |
| (c) सिरोको | ऑस्ट्रेलिया |
| (d) खमसिन | मिस्र |

59. प्रतिचक्रवात की विशेषता है
(a) तापमान में वृद्धि (b) तेज पवन
(c) तीव्र दृष्टि (d) स्वच्छ आकाश

60. निम्नलिखित में से कौन सर्वाधिक विनाशकारी होता है?
